THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) to (c) The Cotton Textile Research Associations, have, on the directions of the Ministry of Textiles, prepared a fresh modernisation plan for the revival of NTC at a cost of Rs. 2005.67 crores The Sub Committee on the Special Committee on NTC, which includes representatives of INTUC, NLO, HMS, BMS, AITUC and CITU, have accepted the plan of the Cotton Textile Research Associations with the proviso that "restructuring with modernisation has to be done at each unit level. The report of the Sub Committee has been placed before the Special Committee on NTC

ग्रामीण क्षेत्रों में कपड़े का प्रावधान

2754. **श्री एस. एस. अहलवालिया** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब किसानों और महिलाओं को धोतियां, साड़ियां और कपड़े उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना बनायी है अथवा किसी योजना पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) जी, हां।

(ख) सरकार कपड़े के उत्पादन और वितरण के लिए मिल क्षेत्र में कंट्रोल कपड़ा और हथकरघा क्षेत्र में जनता कपड़ा योजना कार्यान्वित कर रही है जिसमें समाज के कमजोर वर्ग, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के किसान और महिलाए भी शामिल हैं को उचित मूल्यों पर साड़ियां और धोतियां उपलब्ध करवाई जाती हैं। सरकार कंट्रोल कपड़े और जनता कपड़े के उत्पादन पर सब्सिडी देती है।

आठवीं योजना के दौरान कपास का निर्यात

2755. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कपास के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये कोई योजनाएं बनायी हैं ;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजनावधि में कपास के निर्यात के लिये निर्धारित वार्षिक लक्ष्य क्या है; और

(ग) कपास के निर्यात में गुजरात का योगदान कितना होने की संभावना है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) कपास निर्यात की मौजूदा नीति के अंतर्गत प्रत्येक कपास मौसम के प्रारम्भ में सरकार अपरिष्कृत कपास की 5 लाख गांठों को इस शर्त पर रिलीज करती है कि कपास के विस्तृत प्राक्कलन उपलब्ध होने के बाद उसे समायोजित कर दिया जाएगा। उसके बाद की रिलीज कीमत की स्थिति तथा घरेलू उपलब्धता का मूल्यांकन करने के बाद की जाती है। कपास के निर्यात के लिए कोई वार्षिक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

(ग) वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के कपास मौसम के दौरान निर्यात के लिए रिलीज की गई 17.855 लाख गांठों और 5 लाख गांठों में से गुजरात राज्य सहकारी परिसंघ को क्रमश: 1.10 लाख गांठें और 0.40 लाख गांठें आवंटित की गई।